समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 09 September 2026

# गृहिणी से सफल बिल्डर तक : Mrs. Pranjali Sachin Gulhane की जिद और सफलता की प्रेरणादायक कहानी

Sanket Morankar Published on 13 Apr 2026



मूल रूप से अमरावती की रहने वाली **Mrs. Pranjali Sachin Gulhane (Gulhane Properties)** ने अपने अथक परिश्रम, अडिग संकल्प और सच्ची ईमानदारी के बल पर बिल्डरशिप जैसे पुरुष-प्रधान क्षेत्र में अपनी एक मजबूत पहचान बनाई। उनकी यह यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक और सराहनीय रही।

वर्ष 2004 में विवाह के बाद वे नागपुर से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित सिंदी (रेलवे), जिला वर्धा में रहने लगी थीं। उनके पति नागपुर के S.C.S. Girls College में लेक्चरर के रूप में कार्यरत हैं। जब उनकी बेटी स्पृहा तीन वर्ष की हुई, तब उसकी शिक्षा के लिए वर्ष 2008 में परिवार नागपुर स्थानांतरित हुआ।

शुरुआती दो वर्षों तक किराए के घर में रहने के बाद वर्ष 2010 में उन्होंने गृह ऋण लेकर अपना स्वयं का फ्लैट खरीदा। वर्ष 2011 में उनके पुत्र का जन्म हुआ। परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उनके मन में अपने दम पर कुछ बड़ा करने का सपना आकार लेने लगा, लेकिन पूंजी की कमी एक बड़ी चुनौती थी।

नागपुर में घर बनाने के लिए लिया गया प्लॉट उनके सपनों की नींव बना। वर्ष 2018 में उन्होंने साहस और दूरदृष्टि का परिचय देते हुए वह प्लॉट बेच दिया और उसी धन से वर्ष 2019 में एक नई जगह पर फ्लैट स्कीम के लिए प्लॉट खरीदा। यह निर्णय उनके आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रतीक था।

इस पूरे सफर में उनके पति का मजबूत सहयोग उन्हें लगातार मिलता रहा। सभी कठिनाइयों को पार करते हुए उन्होंने वर्ष 2021 में निर्माण कार्य की शुरुआत की।

शुरुआत में इस क्षेत्र में नए होने के कारण उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। निर्माण कार्य की बारीकियों को समझने के लिए उन्होंने Civil Engineering का एक लघु कोर्स भी पूरा किया, जिससे उनका

आत्मविश्वास और तकनीकी ज्ञान दोनों मजबूत हुए।

उनकी सफलता के पीछे कुछ मजबूत मूल्य रहे—
कड़ी मेहनत, वचन निभाना, समय पर फ्लैट का पजेशन देना, ईमानदारी, ग्राहकों के लिए हमेशा उपलब्ध रहना और उन्हें सही मार्गदर्शन देना। इन सिद्धांतों के कारण उन्होंने ग्राहकों के बीच भरोसेमंद पहचान बनाई।

उन्होंने अपने पहले प्रोजेक्ट का नाम अपनी बेटी स्पृहा और माता कुसुम के नाम पर “**Spruha Kusum**” रखा। इसके बाद दूसरा प्रोजेक्ट “**Spruha Sindhu**” के नाम से विकसित किया। आगे चलकर उन्होंने **Spruha Enclave, Spruha Exotica, Spruha Park View, Spruha Elegance, Spruha Emerald** जैसे कई सफल प्रोजेक्ट पूरे किए।

उनकी विशेषता यह रही कि हर प्रोजेक्ट में ग्राहक पूरी तरह संतुष्ट रहे। संतुष्ट ग्राहकों ने अन्य लोगों को भी **Gulhane Properties** से ही फ्लैट लेने की सलाह दी। इस “mouth publicity” के कारण उनके व्यवसाय को तेज़ी से बढ़त मिली और उनका कारोबार लगातार आगे बढ़ता गया।

आज **Mrs. Pranjali Sachin Gulhane** एक सफल, सक्षम और प्रेरणादायक महिला उद्यमी के रूप में जानी जाती हैं। उनकी सफलता के पीछे उनके पति का सहयोग, परिवार का समर्थन, ग्राहकों का विश्वास और उनकी अपनी मेहनत व ईमानदारी मुख्य आधार रहे हैं।

यह कहानी केवल एक व्यवसाय की सफलता की नहीं, बल्कि एक महिला के आत्मविश्वास, दृढ़ निश्चय और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणादायक यात्रा है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सही दृष्टिकोण, मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**वास्तव मे, ंउनके इस कार्य और उपलब्धियों को सलाम! ⍰**

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.